हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

13 डिपो होल्डरों को 5 माह से नहीं मिली कमीशन राशि

14 टैम्पो रिपेयरिंग का ही नहीं पैसा, 3 बड़ी कुर्सी के टकराव में फंसे पार्षद





# खुले स्कूल: 74 प्राइमरी स्कूल में एक ही टीचर, 5 में शिक्षक 'शून्य', अब दूसरे स्कूलों से भेजे टीचर

- जिले में इस समय है 456 प्राइमरी स्कूल
- जहां कम वहां अस्थाई तौर पर शिक्षा विभाग ने दूसरे स्कूल से भेजे अध्यापक

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

महेंद्रगढ़ जिला में सरकारी प्राइमरी स्कूलों की संख्या 456 है। धरातल की स्थिति देखे तो 74 प्राइमरी स्कूल ऐसे है, जहां एक स्कूल में सिर्फ एक ही अध्यापक कार्यरत है। वहीं पांच स्कूल ऐसे भी है जहां अध्यापक है ही नहीं। अब जब गर्मियों की छुट्टियां खत्म होने लगी तो पंचकूला बैठे शिक्षा विभाग के अधिकारियों को ऐसे स्कूलों की याद आई और स्थानीय तौर पर शिक्षा विभाग से लिस्ट मांगी।

यह लिस्ट 29 जून को मांगी और उसी दिन उपलब्ध करवा दी। अगले ही दिन 30 जून को आदेश जारी कर दिए कि जिन स्कूलों में सिंगल या एक भी अध्यापक नहीं है, वहां अस्थाई तौर पर दूसरे स्कूलों से अध्यापक भेजे जाए। यह आदेश मिलने पर उसी दिन 30 जून को शिक्षा विभाग के डीईईओ ने जिला के सभी बीईओ को पत्र भेजा। उसके साथ वह लिस्ट भी दी, जिसमें अध्यापकों के नाम है जिन्हें अस्थाई तौर पर इन स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाना होगा।

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से जिला में प्रत्येक खण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि मौलिक शिक्षा हरियाणा के महानिदेशक के पत्र क्रमांक केडब्ल्यू14/119-2024 पीआरटी (एआरटी) (1) दिनांक 30 जून 2024 की अनुपालना में जीरा स्कूल टीचर, सिंगल स्कूल टीचर में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करवाने बारे कहा गया है ताकि एक जुलाई को खुलने वाले विद्यालयों में स्टाफ उपलब्ध हो सके। कोई भी विद्यालय बिना अध्यापक के ना रहे। ऐसे में निर्देश दिए जाते है कि सूची अनुसार सभी अध्यापकों को प्रस्तावित विद्यालयों में तुरंत प्रभाव से कार्यग्रहण करवाना सुनिश्चित करें और अनुपालना रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाएं।

### यह है 74 स्कूल, जहां टीचर संख्या सिंगल

*जीजीपीएस डेरोली अहीर, जीजीएस गुजरवास, जीपीएस सलूनी, जीपीएस खामपुरा, जीपीएस खारीवाड़ा, जीपीएस शैदपुर, जीपीएस तोबड़ा, जीजीएमएसपीएस नसीबपुर, जीपीएस नांगतिहाड़ी, जीपीएस दुबलाना, जीपीएस बास कांटी, जीपीएस नांगल, जीपीएस महासर, जीपीएस खैरानी, जीपीएस सूजापुर, जीपीएस खेड़ा, जीपीएस भालखी, जीजीपीएस नौताना, जीपीएस मोड़ी, जीपीएस गोमली, जीपीएस गोमला, जीपीएस छितरोली, जीजीपीएस ढाणी भड़फ, जीजीपीएस ढाणी कपूरी, जीजीपीएस ढाणी ककराला, जीपीएस नांगल, जीपीएस मानपुरा, जीपीएस इसराना, जीजीपीएस सिहोर, जीपीएस कोटिया, जीजीपीएस आकोदा, जीपीएस झूक, जीपीएस जासावास, जीपीएस उष्मापुर, जीजीपीएस बसई, जीपीएस सिसोठ, जीपीएस ढाणी बोरावाली, जीपीएस ढाणी सीतासिंह, जीपीएस सुरेहती मोडियान, जीपीएस ढाणी जड़वा, जीपीएस ढाणी कुम्हारान, जीपीएस मांढी, जीपीएस श्योपुरा, जीजीपीएस सुरेहती पिलानिया, जीपीएस अकबरपुर, जीपीएस बनिहाड़ी, जीपीएस भोजावास, जीजीपीएस नांगल नूनिया, जीपीएस दौंगली, जीपीएस मोहनपुर, जीपीएस नियाजअलीपुर, जीपीएस मुरारीपुर, जीएमएसपीएस बायल, जीपीएस ढाणी बंजर, जीपीएस शैदअलीपुर, जीपीएस ढाणी ठाकरान, जीपीएस ढाणी जिंदरा, जीपीएस ढाणी बिशना, जीजीपीएस आंतरी बिहारीपुर, जीजीपीएस सेका, जीपीएस शिमली, जीपीएस ढाणी भगता, जीपीएस नांगल नूनिया, जीपीएस ढाणी सैनियान, जीजीपीएस सिलारपुर, जीजीपीएस मारोली, जीपीएस छिलरो, जीपीएस दनचौली, जीपीएस ढाणी किरारोद, जीपीएस खटोटी सुलतानपुर, जीपीएस मेई, जीपीएस शाहपुर-2, जीपीएस लहरोदा व जीपीएस सिलारपुर महता है।*

### यह है 5 स्कूल, जहां टीचर ही नहीं


*जीपीएस फतनी, जीपीएस भुरजट, जीपीएस आजमनगर, जीपीएस डोहर कलां व जीपीएस सुभाषनगर है।*

### क्या कहते है डीईईओ



डीईईओ संतोष चौहान ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने डिटेल मांगी थी। उनके दिशा निर्देश पर उसी दिन 30 जून को जिला में सभी बीईओ को पत्र जारी करके संबंधित स्कूलों में चयनित किए गए अध्यापकों को भेजने के लिए कह दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### चंदपुरा के स्कूल से एसी इनवर्टर-बैटरी चोरी

**मंडी अटेली।** गांव चंदपुरा के प्राइवेट स्कूल से दो एयर कंडीशनर व इनवर्टर-बैटरी तथा पानी की मोटर रात्रि के समय अज्ञात चोर उठा ले गए। स्कूल के प्रबंधक ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। स्कूल के सीसीटीवी चेक करने पर तीन लड़के उसके एयर कंडीशनर व इनवर्टर-बैटरी चोरी करके ले जा रहे हैं। अटेली ने पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### विविध भंडार के कंडम सामान की बोली 4 को

**नारनौल।** पुलिस लाइन में चार जुलाई को विविध भंडार के नकारा हो चुके लोहे, प्लास्टिक इत्यादि के सामान की बोली लगाई जाएगी। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सुबह साढ़े 10 बजे उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय की देखरेख में सामान की बोली लगाई जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक पात्र समय पर पुलिस लाइन में पहुंचकर बोली में भाग लें।

### जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग

**महेंद्रगढ़।** सीएम नायब सैनी की ओर से गोहाना व हांसी को जिला बनाने की घोषणा करने के बाद अब महेंद्रगढ़ में जिला मुख्यालय स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी हैं। नारनौल को अलग बनाकर महेंद्रगढ़ में मुख्यालय स्थापित करने की मांग को लेकर टीम बलवान फौजी व क्षेत्र के लोगों की ओर से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उनका कहना है कि दक्षिणी हरियाणा के दो जिलों से प्रदेश सरकार ने अनदेखी की है जबकि महेंद्रगढ़-रेवाड़ी जिले में भाजपा सरकार के पांच विधायक है जिसमें से एक को भी कमेटी में शामिल नहीं किया गया। जो भेदभाव को दर्शात है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आज तो सांकेतिक धरना दिया जा रहा है, अगर मुख्यालय नहीं मिला तो आंदोलन को बड़ा किया जाएगा।

# दुकानदारों की रोजी-रोटी डूब गई जलभराव में

## अनाज मंडी, पार्क गली, चितवन वाटिका मिनी सब्जी मंडी एवं मोहिनी सिनेमा एरिया में जलभराव होने से दुकानदारों ने बड़ी मुश्किल से खोली दुकानें, लेकिन नहीं पहुंचे ग्राहक, आमजन भी रहे परेशान

### पहले भी ऐसा हो चुका है और दुकानदारों के पास नगर परिषद एवं जिला प्रशासन को कोसने के सिवाय नहीं है दूसरा चारा, सत्तारूढ़ दल के नेता भी बने हैं पंगु, जानकारी होने पर भी नहीं ले रहे कोई संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

नगर परिषद एवं जिला प्रशासनिक अधिकारियों की अकर्मण्यता एवं लापरवाही मुख्यालय की जनता पर भारी पड़ रही है। मानसून की सोमवार प्रातः हुई बरसात से नारनौल शहर पूरी तरह जलमग्न हो गया। सबसे बुरा हाल नागरिक अस्पताल के साथ लगती अनाज मंडी, पार्क गली व चितवन वाटिका मिनी सब्जी मंडी के साथ-साथ मोहिनी सिनेमा एरिया का रहा, जहां के दुकानदारों की रोजी-रोटी जलभराव में डूब गई। इन जगहों पर पानी इतनी ज्यादा रहा कि दुकानदारों के साथ-साथ आमजन का आवागमन भी दुष्कर रहा, जिससे इनकी दुकानदारी चौपट हो गई। कमाल की बात है कि इन प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध संज्ञान लेने के लिए सत्ताधारी दल के नेता खासकर जनप्रतिनिधि भी कोई संज्ञान नहीं ले रहे। इसी कारण इनकी सुस्ती का आलम यह है कि हर साल मानसून में शहर के हालात बिगड़ते हैं और जलभराव होता है, लेकिन इसका समाधान नहीं किया जा रहा। हद दर्जे की बात यह है कि अबकी बार तो मानसून आने से पहले शहर में न तो नालों एवं नालियां की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया और न ही मुख्य छलक नाले के अधूरे निर्माण को पूरा किया गया। अबकी बार शहर थोड़ी सी बरसात में ही बार-बार जलभराव की समस्या से जूझ रहा है।

गौर हो कि सोमवार सवेरे से ही कभी तेज तो कभी धीमी बरसात होने लगी थी और यह सिलसिला प्रातः करीब दस बजे तक जारी रहा। इस दौरान नारनौल शहर में करी 42 एमएम बरसात दर्ज की गई। इस बरसात में नागरिक अस्पताल के साथ लगती अनाज मंडी पूरी तरह से जलमग्न हो गई। इस मंडी की निकासी के कोई स्त्रोत खुले नहीं होने के कारण जलभराव ज्यादा तेजी से हुआ और मंडी में कई जगहों पर तो डेढ़ से दो फुट तक पानी भर गया। कमाल की बात यह है कि अनाज मंडी की देखरेख मार्केट कमेटी के हाथों में है और यहां पर निर्माण शाखा के कर्मचारी, जेई एवं एसडीओ आदि बैठते हैं, लेकिन यह सभी हर महीने मोटी सेलरी वसूल करने एवं दिनभर कुर्सियां तोड़ने से ज्यादा नहीं सोचते। मंडी के व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि मार्केट कमेटी के अधिकारियों एवं कर्मचारी की अनदेखी, लापरवाही एवं कर्मण्यता के कारण अनाज मंडी के हालात ऐसे बने हैं। यदि यह एक माह पहले चेत जाते और नालियों समेत जल निकासी के स्त्रोतों की सफाई करवा देते तो ऐसी नौबत नहीं आती। अब बरसात होने पर इन्होंने सीवरों की सफाई के लिए मशीन मंगवाकर लगाई है, यह शर्म से डूब मरने वाली बात है। जबकि पूरी मंडी जलमग्न है।

इसी प्रकार के बेहद खराब हालात पार्क गली के भी रहे। शहर के मुख्य बाजार का पानी बहकर इसी गली में आता है, लेकिन यहां निकासी का कोई प्रबंध नहीं होने एवं बस स्टैंड की तरफ नाले में कचरा फंसने से बरसाती पानी गली में ही भर गया। हालांकि नगर परिषद की तरफ से कचरे की सफाई भी की गई, लेकिन यह नाले के अंदर फंसा होने के कारण जल बहाव नहीं हो सका और पार्क गली बरसात के साथ-साथ सीवर की गंदगी से भरा रहा। इस कारण सुबह दुकानदारों को दुकानें खोलने में परेशानी हुई तो बाद में गंदे पानी को देखकर ग्राहक नहीं पहुंचे। कुछ ऐसा ही हाल मोहिनी गली एवं आसपास की मार्केट का रहा। मोहिनी गली एवं नगर परिषद के सामने ऑटो मार्केट में भी जलभराव पार्क गली में जल निकासी नहीं होने से होती है। चितवन वाटिका की मिनी सब्जी मंडी में जलभराव होने के कारण रेहड़ी मार्केट वालों ने सब्जियां नहीं लगा सके।

नलापुर, रावका में व्यासजी की हवेली वाली गली, सीआईए रोड, सैन चौक, पुरानी कचहरी के सामने ओल्ड जीजीबी वाली गली, जैन धर्मशाला के सामने, नागरिक अस्पताल, चांदुवाड़ा गली समेत अनेक ऐसे स्थान हैं, जहां मानसून सीजन की थोड़ी सी बरसात में ही भारी मात्रा में जलभराव हो गया और नगर परिषद एवं जिला प्रशासन की पोल बुरी तरह से खोलकर रख दी। जलभराव की समस्या से जूझ रहे शहरवासी अधिकारियों को कोसते रहते हैं और बार-बार आए दिन जलभराव की समस्या को देखकर साफ लगता है कि उनकी रुहाई-दुहाई सुनने वाला कोई नहीं है। सत्ताधारी दल के नेता पंगु बने नजर आते हैं और सब रामभरोसे चल रहा है।







नारनौल। अनाज मंडी में मुख्य सड़क के एक तरफ की भरा पानी, बरसात का पानी भरने से दरिया बनी मंडी व पार्क गली में रेस्ट हाउस की तरफ भरा बरसात का पानी। फोटो : हरिभूमि

## नींद से नहीं चेती नपा, मानसून की पहली बारिश में ही शहर हुआ जलमग्न

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा शहर की जनता को उठाना पड़ रहा है। मानसून की दस्तक के साथ ही शहर में जलभराव की स्थिति बन गई हैं। कई स्थानों पर दो-दो फीट तक पानी खड़ा हुआ है। जलभराव के चलते लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। शहर के लोगों को कहना है कि अगर नगर पालिका की ओर से मानसून से पहले शहर नालों की सफाई करा दी जाती तो शहर की यह स्थिति नहीं होती।

### शहर के इन इलाकों में भरा पानी

शहर में बारिश के बाद शहर के अधिकाशं हिस्सों में पानी भर गया। जिससे वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। मोहल्ला महायचान, ब्रहमदेव चौक, नगर पालिका कार्यालय, खाद्य पूर्ति विभाग गंगा देवी पांड्ये नेत्र चिकित्सालय, डुलाना रोड, रेलवे फ्लाईओवर के नीचे, सतनाली चौक, स्टेट हाईवें, ब्रहमचारी रोड, एसडीएम आवास के सामने, ऑटो मार्केट, पुराना कोर्ट सहित अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति रहीं।





महेंद्रगढ़। रेलवे रोड पर भरे बरसाती पानी से होकर गुजरती गाड़ी व मोहल्ला महायचान में अधिकारियों को आदेश देते नपा चेयरमैन रमेश सैनी। फोटो : हरिभूमि

*जलभराव के बाद फील्ड में उतरे नपा चेयरमैन: शहर में दो वर्ष नालों की सफाई नहीं होने के कारण जलभराव के चलते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। लोगों की परेशानी को देखते हुए नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न मोहल्लों का दौरा किया। जिसमें मुख्यरूप से मोहल्ला महायचान, मोहल्ला कुम्हारान, बाला जी चौक, चामधेड़ा रोड आदि शामिल हैं। मोहल्ला महायचान में मौके पर ही पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ जियालाल, नगरपालिका के जेई मनोज कुमार व कर्मचारियों को पानी निकासी के दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कर्मचारियों पंप सेट लगाकर पानी को निकालने की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी गई है।*



कनीना। खंड विकास कार्यालय में जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

## कनीना में में 48 प्वाइंटों पर जलभराव

**कनीना।** क्षेत्र में सोमवार रात्रि से हुई 66 एमएम मानसून की बारिश से चंहुओर पानी-पानी हो गया। कनीना में कमोबेश 48 प्वाइंटों पर बरसात का पानी जमा हो गया। जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कनीना में बस स्टैंड, अस्पताल, बीडीपीओ कार्यालय, रेवाड़ी मोड़, अटेली मोड़, पशु अस्पताल, जोहड़ के समीप, सिटी थाना सहित अन्य स्थानों पर पानी जमा हो गया। बारिश होने से 10 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 28 व अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम ठंडा होने पर गर्मी से राहत महसूस की। किसानों की ओर से खरीफ पसल बिजाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। कपास व नरमे के बाद बाजरा, ग्वार, मूंग की बिजाई की जा रही है। कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग पर सड़क के दोनों ओर बनाई जा रही ड्रेन का कार्य समय रहते पूरा न होने तथा मानसून से पूर्व ड्रेन माईनर की सफाई न होने से जलभराव के हालात उत्पन्न होने लगे हैं। पानी निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण पानी सड़क पर जमा हो गया। बरसात के दिनों में हालात बेकाबू होने की संभावना बनती जा रही है। नगर पालिका कनीना के पूर्व चेयरमैन सतीश जेलदार ने बताया कि समय रहते ड्रेन-माईनर तथा जोहड़ों की सफाई कार्य करवाया जाता तो जलभराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

### छह डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स की 420 सीटों के लिए अब तक डीईटी 585 विद्यार्थियों ने आवेदन किया

# पॉलीटेक्नीक संस्थान में एडमिशन के लिए 8 तक कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

राजकीय बाबा खेतानाथ बहुतकनीक संस्थान में दाखिलों के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। छात्रों की सुविधा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को भी बढ़ा दिया गया है। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जून थी, जिसे बढ़ाकर 8 जुलाई तक कर दिया गया है। आवेदन प्रक्रिया के दौरान दो बार पहले भी आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाया जा चुका है। कॉलेज में उपलब्ध छह डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स की 420 सीटों के लिए अब तक डीईटी करीब 585 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि के साथ-साथ दाखिला संबंधित अन्य प्रक्रिया के समय में भी बदलाव किया गया है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में जारी दिशा-निर्देश के अनुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि को 8 जुलाई तक बढ़ाया गया है। सभी आवेदन आने के बाद 11 जुलाई को मेरिट लिस्ट घोषित की जाएगी। वहीं 12 जुलाई से 15 जुलाई तक छात्र अपने पसंदीदा और वैकल्पिक कोर्स का चुनाव कर सकते हैं। मेरिट लिस्ट के आधार पर सीटों का आवंटन 16 जुलाई को किया जाएगा। सीटों के आवंटन के बाद 17 जुलाई से 19 जुलाई तक छात्रों को संस्थान में रिपोर्टिंग कर अपने सभी जरूरी दस्तावेज जमा करवाने होंगे। बीकेएन में इलेक्ट्रीक, सिविल, कंप्यूटर, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्युनिकेशन, मैकेनिकल एवं इंस्ट्रूमेंट एंड कंट्रोल के ट्रेड हैं, जिनमें विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

### प्लेसमेंट के दिए जा रहे अवसर

बीकेएन संस्थान में पढ़ रहे छात्रों के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा पिछले कुछ सालों से बेहतर प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। सत्र 2024-25 में छात्रों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ तकनीकी संबंधित नए प्रोजेक्ट और प्रेक्टिकल सहित अन्य कई गतिविधियां भी करवाई जाएंगी, जिससे छात्र पाठ्यक्रम में शामिल जानकारी को वास्तविक रूप में अनुभव कर सकें। गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों में बीकेएन पॉलिटेक्निक संस्थान में प्लेसमेंट के तहत कई छात्रों को नौकरियां मिली हैं।





नारनौल। बीकेएन पॉलीटेक्नीक। फोटो : हरिभूमि

### डोकोमेंट करवा लें तैयार



*प्राचार्य अनिल यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जारी नए शेड्यूल के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि को 8 जुलाई तक बढ़ाया गया है। जिन छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है, वे अपने सभी जरूरी डॉक्यूमेंट तैयार करवा लें ताकि दाखिले के समय समस्या का सामना नहीं करना पड़े। सत्र 2024-25 में पाठ्यक्रम के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी करवाई जाएगी। इससे छात्र पाठ्यक्रम में उपलब्ध जानकारी को वास्तविक रूप में अनुभव कर सकें।*

## अवैध हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार, दो देसी कट्टे बरामद

**महेंद्रगढ़।** सीआईए टीम द्वारा अवैध हथियार सप्लाई करने वाले एक आरोपित अंकित उर्फ मोनू वासी ढाणी खागावली थाना बांसूर बहरोड़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है। फरवरी माह में सीआईए की टीम ने गश्त के दौरान गांव नायन क्षेत्र से देवेंद्र उर्फ ढिल्लू वासी बलाना को अवैध हथियार सहित काबू किया था। जिसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल और मैगजीन से तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। पुलिस ने अवैध हथियार को जब्त कर थाना शहर में मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया था। आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले का पता लगाया। अवैध हथियार सप्लाई करने वाले को पकड़ने के लिए दबिश देते हुए सीआईए पुलिस टीम ने आरोपित अंकित उर्फ मोनू वासी ढाणी खागावली थाना बांसूर बहरोड़ राजस्थान को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया था, जिससे रिमांड के दौरान पूछताछ में दो देसी कट्टे बरामद किए गए।



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

हरिभूमि सहेली
रोहतक,मंगलवार
2 जुलाई 2024





कवर स्टोरी / रेखा शाह आरबी

हंसते-बोलते प्यारे रिश्तों के बीच किसी गलतफहमी की वजह से खामोशी आ जाए, यह सही नहीं है। ईगो, जिद या फिर संकोच में भी हम आपस में बातचीत ना करके मन में खटास बैठाए रहें और रिश्तों में दूरी बना लें, यह भी उचित नहीं। हमें अपने रिश्ते ऐसे नहीं बिखरने देने चाहिए, बातचीत करके दूरियां खत्म कर रिश्तों को सहेजना चाहिए, इसी में सबकी खुशियां हैं।

# रिलेशनशिप में कभी ना आने दें खामोशी

पति-पत्नी के बीच का रिश्ता हो, दोस्ती का या फिर प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता, हर रिश्ता भरोसे और समझदारी पर टिका होता है। अगर किसी रिश्ते में गलतफहमी आ भी जाए तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोग बातचीत करने के बजाय खामोश रहना पसंद करते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म हो जाता है। चाहे कितना भी करीबी रिश्ता हो, अगर एक बार रिश्ते में गांठ पड़ जाती है तो रिश्ते को बिखरने में देर नहीं लगती। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। नीता और सुनीता वर्षों से एक-दूसरे की अभिन्न सहेली थीं। एक-दूसरे के साथ हर दुख-सुख, हंसी-खुशी को साझा करती थीं। एक बार नीता ने सुनीता से कुछ आर्थिक मदद मांगी। सुनीता किसी कारण नीता की मदद नहीं कर पाई। नीता को लगा कि उसकी सहेली उसकी मदद कर सकती थी, लेकिन उसने जान-बूझकर ऐसा नहीं किया। यह बात नीता के मन में घर कर गई। हालांकि उसे इस संबंध में खुलकर सुनीता से कम से कम एक बार बात जरूर करनी चाहिए थी, लेकिन बात ना करने के कारण आखिरकार दोनों के रिश्तो के बीच खटास पड़ गई। दोनों ने आपस में बातचीत करना बंद कर दिया। निरंतर खामोश रहने से एक अच्छा-भला रिश्ता खत्म हो गया। इसीलिए जब बात अपनों की हो तो खुलकर बात कर लेनी चाहिए। किसी अपने को खोने से बेहतर है, बगैर किसी पूर्वाग्रह के उसके सामने अपना प्वांइट ऑफ व्यू जरूर रख दें। रिश्तों में गलतफहमियां ना बढ़ें, इसके लिए यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखकर अपने रिश्ते सहेजे जा सकते हैं।





### ना खींचें लंबी खामोशी

कई बार हम झगड़ों और बहस से बचने के लिए रिश्तों में खामोशी धारण कर लेते हैं। इस तरह का व्यवहार रिश्तों को कमजोर करके उसे खत्म कर देता है, जबकि हमें करना यह चाहिए कि जिस किसी से गलतफहमी की वजह से खामोशी है, उससे सीधी, सरल भाषा में खुलकर बात करें। सामने वाले की शंकाओं को दूर करें और रिश्ते को खत्म होने से बचा लें।

### दूर करें संशय

यदि आपको अपना रिश्ता प्रिय है तो एक बार अपने संशय दूर करने का प्रयास जरूर करें। हो सकता है, अगला आपके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहा हो या आप भी मन ही मन उसके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहे हों। यह भी हो सकता है कि बात करने से आप उसकी बातों से पूर्ण रूप से सहमत ना हों और रिश्ता पहले जैसा नॉर्मल ना हो। लेकिन कम से कम एक-दूसरे के प्रति संशय तो नहीं रहेगा, असली वस्तुस्थिति से आप दोनों अवगत हो जाएंगे। क्या पता, बाद में रिश्ते फिर से बन जाएं।

### कभी तीसरे व्यक्ति को माध्यम ना बनाएं

कई बार हम जिससे नाराज होते हैं, उससे अपनी बातें स्वयं ना कहकर अपने दोस्तों से कहलवाते हैं। ऐसे में अकसर ऐसा होता है कि बात बनने के बजाय और बिगड़ जाती है। इसीलिए अपनी बात अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के माध्यम से कहने के बजाय स्वयं उस व्यक्ति के सामने रखें, जिससे आपकी नाराजगी है। किसी दूसरे के माध्यम से बात कहने में और भी गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। हम स्वयं अपनी बात जितने सीधे, सरल और प्रभावी तरीके से रख सकते हैं, दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रख सकता है।


### सरल तरीके से कहें अपनी बातें

रिश्ता कोई भी हो, उसमें मौजूद गलतफहमी को दूर करने के लिए जब भी अपनी बातें कहें तो सीधे, सरल और सौम्य तरीके से कहें। ना कि बहुत ज्यादा घुमा-फिरा कर कहें। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिससे हम मन में नाराज होते हैं, उसका थोड़ा-सा भी मजाक या उसकी घुमावदार बातें, ताने सी लगती हैं या हम गलत मतलब निकाल लेते हैं। इसीलिए जब तक रिश्ता नॉर्मल नहीं हो, तब तक ऐसे टोन और लहजे से बचें। कहने का मतलब है कि अपने रिश्तों को आसानी से खोने ना दें, इन्हें सहेज कर रखें।

डाइट सजेशन / रिया शर्मा
सीनियर डाइटिशियन, कैलाश हॉस्पिटल, एनसीआर

# बारिश के मौसम में डाइट का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका सबसे ज्यादा संक्रमित भोजन करने से होती है। ऐसे में बचाव के लिए जरूरी है कि इस दौरान अपनी डाइट को लेकर आप पूरी सावधानी बरतें।



बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इस मौसम में कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। वजह, इस मौसम में हवा में नमी अधिक होती है, जो बैक्टीरिया के ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है। इसके अलावा बारिश में जल-जनित बीमारियां होने की भी आशंका अधिक रहती है। इनसे बचाव के लिए खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आप बीमारियों से बच कर स्वस्थ रह सकती हैं। इस मौसम में क्या खाएं और किनसे परहेज करें, जानिए।



### क्या खाएं

- बारिश में जल-जनित बीमारियां, जैसे- कॉलरा, टाइफाइड, पीलिया होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए काफी देर से खुला रखा या बाजार में खुले में बिकने वाला पानी ना पिएं, कोशिश करें उबला पानी ही पिएं, गंदे स्थान पर लगे नल का पानी पीने से बचें।
- बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेड, बिस्कुट और केक आदि को खरीदने से पहले जांच लें, क्योंकि इस मौसम में फंगस भी बहुत तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए एक्सपायरी डेट देखकर ही कोई फूड आइटम खरीदें।
- यह मौसम फूड आइटम्स में बैक्टीरिया के पनपने के लिए अनुकूल होता है। इससे बचाव के लिए खाने को उचित तापमान पर पकाएं। ऐसा खाना जल्दी संक्रमित नहीं होता है और इसे कुछ समय तक खराब होने से बचाया जा सकता है।
- फलों और सलाद के लिए सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह पानी से कई बार धो लें।
- सब्जी को काटने से पहले दो-तीन बार पानी से धोकर ही उसके बाद पकाना चाहिए।
- कोशिश करें कि इस मौसम में ताजा खाना ही खाएं। खाना अगर कुछ देर पहले बना है और ठंडा हो गया है तो इसे दोबारा गरम कर ही खाना चाहिए। इससे बैक्टीरिया की संभावना खत्म हो जाती है। आमतौर पर लोग कुछ देर पहले बने खाने को गर्म नहीं करते हैं और यही संक्रमण का कारण बनता है।
- प्रोटीन रिच फूड, जैसे- मटन, चिकन, फिश, पनीर, चीज आदि के जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। इन्हें पकाने के बाद देर तक ना रखें।
- खाना खाने से पूर्व साबुन से अच्छी तरह हाथ जरूर धोएं।

प्रस्तुति:रिचा पांडे

### इनसे करें परहेज



- इस मौसम में कटे रखे हुए फल खाना बीमारियों को दावत देना है, इससे बचना चाहिए।
- सड़क किनारे खुले में बिकने वाले फूड्स नहीं खाने चाहिए, इससे संक्रमण फैल सकता है।
- ऐसी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, जो उचित तापमान में ना रखी गई हो। इस तरह की आइसक्रीम से गले में संक्रमण होने की आशंका अधिक रहती है।
- इस मौसम में बाजार में बिकने वाला जूस नहीं पीना चाहिए, भले ही वह ताजा क्यों ना हो, यह बीमार कर सकता है।
- बारिश में हरी सब्जियों को खाने से बचना चाहिए।



ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

एलोवेरा, हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी निखारने में भी हेल्पफुल होता है। खासतौर पर इसका जैल स्किन सेल्स को स्मूद, सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा किस तरह ब्यूटी निखारने में हेल्पफुल है, आप भी जानिए।

# सौंदर्य निखारे एलोवेरा

एलोवेरा, बगीचों में ही नहीं, लोगों के घरों में भी आसनी से देखने को मिल जाता है। यह गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है। एलोवेरा के यूज से त्वचा और बालों की देखभाल काफी लाभदायक मानी जाती है। एलोवेरा के पौधे में नमी रोकने की भरपूर क्षमता होती है। यह पावरफुल नेचुरल मॉयश्चराइजर है। यह स्किन की डेड सेल्स को रिमूव कर स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है।

**एजिंग प्रोसेस को कम करे:** एलोवेरा एस्ट्रिंजेंट की तरह कार्य करता है और स्किन सेल्स को कसकर बांध देता है, जिससे समय से पूर्व झुर्रियां नहीं आतीं हैं और यह बुढ़ापे को रोकने में मददगार साबित होता है। साथ ही इसमें एंटी ऑक्सीडेंटिव गुण विद्यमान होते हैं, जो स्किन सेल्स के रिजुवेनेशन की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। एलोवेरा के उत्पादों के लगातार प्रयोग से स्किन पर एजिंग इफेक्ट को कम करने में मदद मिलती है।



**ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है यूज:** एलोवेरा ना केवल स्किन को हेल्दी बनाता है, इसकी नई कोशिकाओं के बनने में भी सहायक होता है। एलोवेरा को क्लींजर, मॉयश्चराइजर जैसे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**सूजन करे दूर:** एलोवेरा का जूस सूजी हुई नसों के उपचार में भी मददगार साबित होता है। यह त्वचा में घाव, संक्रमण आदि के उपचार में प्रभावी साबित होता है। एलोवेरा में विद्यमान जिंक, एंटी इनफ्लेमेटरी का कार्य करता है, इससे त्वचा की सूजन दूर होती है।



**बहुत यूजफुज है जैल:** एलोवेरा जैल या जूस को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। प्रयोग करने में पहले पत्तियों को अच्छे से धो लेना चाहिए। एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धोना फायदेमंद होता है। यह त्वचा को मुलायम और नम बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह त्वचा को सॉफ्ट और यंग दिखाने में मददगार साबित होता है। यह त्वचा को तैलीय बनाए बगैर उसमें नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**फेस मास्क के रूप में:** एलोवेरा को फेस मास्क के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक चम्मच जई या मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे की छाल का पावडर, दही और एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर इस मिश्रण को त्वचा पर 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें। फिर त्वचा को धो डालें। चेहरे पर नया निखार दिखेगा।

**हेयर केयर:** एलोवेरा बालों की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा जैल को बालों पर अच्छी तरह से लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे धो लें। इससे बाल मजबूत, मुलायम और चमकीले बनते हैं।

मेकअप / निधि गोयल

सीजन बदलने के साथ हमारी लाइफस्टाइल में काफी कुछ बदल जाता है। अब जैसे बरसात शुरू हो गई तो अन्य बातों के साथ ही आपको मेकअप स्टाइल में भी चेंज कर लेना चाहिए। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

# रेनी सीजन मेकअप स्टाइल आप दिखेंगी अट्रैक्टिव

बरसात के मौसम में मेकअप करने के बाद सबसे बड़ा टास्क होता है उसको टिकाए रखना। दरअसल, आप मेकअप तो अच्छे से कर लेती हैं लेकिन जैसे ही घर से बाहर निकलती हैं तो वातावरण की नमी के कारण आपको पसीना आने लगता है। पसीने के कारण आपका मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपका मेकअप खराब नहीं हो।

**ऐसे करें बेस तैयार:** लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए आपको चेहरे पर सबसे पहले अच्छा बेस बनाएं। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं तो ध्यान रखें कि ऑयल फ्री फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे आपके चेहरे पर अलग सा चिपचिपापन नजर आएगा। बरसात के मौसम में बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे चेहरे पर एक बेस बन जाता है। यह पसीने के कारण बहती नहीं है।

**कंसीलर का इस्तेमाल:** मेकअप के दौरान महिलाएं कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे से दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करती हैं। ध्यान रखें कि इस मौसम में आप क्रेयॉन कंसीलर का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ होता है और पसीना आने पर भी जल्दी हटता नहीं है।





**आंखों को बनाएं अट्रैक्टिव:** चेहरे का पूरा मेकअप, काफी हद तक आंखों पर टिका होता है। इस सीजन में वाटरप्रूफ काजल ही लगाएं। इससे आपका काजल फैलेगा नहीं और आंखें भी बेहद आकर्षक नजर आएंगी।

**आईशैडो:** आंखों का मेकअप आईशैडो के बिना सूना नजर आता है। इस सीजन में आप आंखों पर लाइट कलर के वाटरप्रूफ आईशैडो, जैसे- पिंक, पीच, सी ग्रीन, लाइट ब्ल्यू आदि का इस्तेमाल करें। ग्लिटर आईशैडो से बचें, क्योंकि ये ग्लिटर नमी के कारण बह सकती है, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

**वाटरप्रूफ मस्कारा:** आप पलकों पर वाटरप्रूफ मस्कारा ही इस्तेमाल करें। मस्कारा लगाने पर आपकी आंखें बेहद सुंदर नजर आएंगी। मस्कारा में कई कलर्स अवेलेबल हैं।



**ऐसे अप्लाई करें लिपस्टिक:** लिपस्टिक में आप अपनी पसंद का कोई भी कलर लगा सकती हैं। बस ध्यान रखें कि वह आप पर सूट करती हो। आप थोड़े ब्राइट कलर के वाटरप्रूफ लिपस्टिक यूज कर सकती हैं।


(मेकअप आर्टिस्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

ब्यूटी-योगा / हेतल शाह
योग एक्सपर्ट

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए ब्यूटी केयर की जरूरत होती है। इसके साथ अगर आप कुछ योगासन रेग्युलर करेंगी तो भी आपकी खूबसूरती में निखार आएगा।

# चाहिए अगर ग्लोइंग स्किन रेग्युलर करें योगासन

गलत खान-पान और आदतों की वजह से हेल्थ बिगड़ने के साथ-साथ चेहरे की चमक भी कम होती चली जाती है। ऐसे में आप अपनी स्किन को ग्लोइंग, हेल्दी और खूबसूरत बनाने के लिए योग का सहारा ले सकती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि योग न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि योगा से आप स्किन में भी नई चमक ला सकती हैं और अपने चेहरे के फीचर्स को हाईलाइट कर सकती हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही योगासनों के बारे में बता रहे हैं। लेकिन इन सभी का अभ्यास किसी योग प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही करें।



फेस योगा फेशियल स्लैपिंग



मत्स्यासन



भुजंगासान

**फेस योगा फेशियल स्लैपिंग :** फेस योगा आप जब चाहें ऑफिस में बैठकर कलीग से बात करते हुए, घर का काम करते हुए भी कर सकती हैं। इस क्रिया को करने के लिए पीठ को सीधा करके आराम से बैठ जाएं। इसके बाद मुंह में हवा भर लें। अब अपने चेहरे को अंगुलियों की मदद से टैप करते रहें। ध्यान रहे ऐसा करते हुए आपको चेहरे पर प्रेशर नहीं देना है। इस तरह की टैपिंग से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। रोजाना इस योगासन को करने से चेहरे पर कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन ग्लोइंग बनती है। इस योगासन को करने से चेहरे के छोटे रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।

**हलासन :** हलासन में ब्लड सर्कुलेशन चेहरे और सिर की ओर होता है। इससे चेहरे का ग्लो बढ़ता है। इस आसन में शरीर को बिना किसी परेशानी जितनी देर रोक सकती हैं, रोकें।



**मत्स्यासन :** मत्स्यासन में सिर के सहारे कंधे और कमर को ऊपर उठाकर बैलेंस किया जाता है। इससे ब्लड फ्लो सिर की ओर होता है। यह आसान शरीर को रिलैक्स करने के साथ स्किन को ग्लोइंग बनाने में भी मदद करता है।

**भुजंगासान :** भुजंगासान कमर और कंधों के दर्द को ही दूर करने में ही कारगर नहीं बल्कि आपको रिलैक्स करके आपके मूड को भी अच्छा करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इससे स्किन सॉफ्ट होती है और चेहरे पर ग्लो बना रहता है।

**सर्वांगासन :** सर्वांगासन में शरीर को कंधों और सिर पर बैलेंस किया जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सिर और चेहरे की ओर होता है। यह स्किन का ग्लो बढ़ाने का काम तो करता ही है साथ ही इससे कील-मुंहासों की समस्या भी दूर होती है। इस आसन में ब्लड का फ्लो सिर और चेहरे की तरफ होता है।



जिससे स्किन को ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है, जो स्किन से जुड़ी हर तरह की परेशानी को दूर करने के साथ ही चेहरे पर चमक लाने में भी बहुत ही फायदेमंद है।

प्रस्तुति:ललिता गोयल

## खबर संक्षेप

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**मंडी अटेली।** ईको क्लब फॉर मिशन लाईफ कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को स्कूल स्टाफ एवं ईको क्लब छात्राओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य कुसुमलता यादव ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे सच्चे मित्र हैं, जो निस्वार्थ भाव से हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन तथा औषधियां प्रदान करते है। इसलिए पेड़ पौधों का संरक्षण तथा संवर्धन किया जाना जरूरी है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकरकी बैठक

**नारनौल।** प्रमुख धार्मिक संस्था राजेश्वरम परिवार की ओर से तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्री अग्रवाल सभा नई मंडी में मनाया जाएगा। समिति की बैठक चंदरशेखर मित्तल की अध्यक्षता में हुई। प्रधान जयगोपाल ने बताया कि गौलोक वासी राजेश्वरानंद सरस्वती की प्रेरना से 19 जुलाई से 21 जुलाई तक तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन अग्रवाल सभा में किया जाएगा। श्रीराम कथा व्यास आचार्य परम श्रदेय महंत गुरु प्रसाद पचोकरा धाम व भक्ति प्रभा 19 व 20 जुलाई को सुनाएंगे।

### बरसात में हर व्यक्ति एक पेड़ अवश्य लगाएः राजेश

**महेंद्रगढ़।** गांव ढाढोत स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम सदस्य एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी उपमंडल कोऑर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली के नेतृत्व में छुट्टी समाप्त होने पर मानसून की पहली बारिश के बाद विद्यालय में पौधारोपण किया गया। इसके अलावा छतो का पानी वाटर रिचार्ज टैंक की सफाई की गई व हजारों लीटर पानी इकट्ठा किया गया। बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पेड़ लगाए।

### भजन मंडलियां 31 तक चलाएंगी प्रचार अभियान

**नारनौल।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग एक से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाएगा। इस दौरान विभागीय तथा सूचीबद्ध भजन मंडलियां गांवों में जाकर लोकगीतों के जरिए आमजन तक सरकार की जनहितकारी योजनाओं व नीतियों को पहुंचाने का कार्य करेगी। सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेंद्र कादियान ने बताया कि विभाग के महानिदेशक मंदीप बराड़ के दिशानिर्देशों अनुसार इस अभियान के तहत जिले के सभी गांवों को कवर करने का प्रयास किया जाएगा। भजन मंडलियों के साथ खंड प्रचार कार्यकर्ता एक दिन पहले सरपंचों के साथ संपर्क करके कार्यक्रम तय करेंगे। यह कार्यक्रम गांव के किसी सार्वजनिक स्थल पर होंगे। इस दौरान वहां मौजूद नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों को भी सूचित किया जाएगा।

### मांगों को लेकर डिपो धारकों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

# डिपो होल्डरों को पांच माह से नहीं मिली कमीशन राशि

पीओएस मशीन के सॉफ्टवेयर में कमी के चलते राशन वितरण में होती है परेशानी
सामान पर कमीशन बढ़ाने की भी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रीडर सुदेश पूनियां को ज्ञापन सौंपते डिपो धारक। फोटो : हरिभूमि

ऑल राशन डिपो होल्डर वैलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को प्रत्येक डिपो पर 600 राशन कार्ड, वरिष्ठ डिपो धारकों को लाइसेंस जारी करने, पांच माह का कमीशन जारी करने को लेकर सोमवार को क्षेत्र के डिपो धारकों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम एसडीएम के रीडर सुदेश पूनिया को ज्ञापन सौंपा है।

डिपो होल्डर यूनियन प्रधान महावीर सिंह ने बताया कि सरकार बुजुर्गों के सम्मान के लिए अनेक योजनाएं चल रही है, जिसके चलते बुजुर्गों को सरकार के प्रति विशेष लगाव है। लेकिन हरियाणा प्रदेश के बुजुर्ग डिपो धारकों को 60 वर्ष की आयु में डिपो के कार्य से मुक्त किया जा रहा है। इन बुजुर्ग डिपो धारकों के लिए कष्टपूर्ण है, यह पूर्णत स्वस्थ व अपना कर्तव्य पूर्ण निष्ठा से निभा रहे हैं। इसलिए सरकार बुजुर्ग डिपो धारकों को कार्य मुक्त कर रहीं है तो उन्हें सम्मान पूर्वक 15 हजार रुपये पेंशन दी जाए। इसलिए पीडीएस कंट्रोल एक्ट-2022 में डिपो धारकों की जो आयु की है, उसमें छूट प्रदान करें तथा इनका लाइसेंस नवीनीकरण करते हुए उनकी आयु सीमा 60 वर्ष समाप्त की जाए। सरकार ने डिपो धारकों का कमीशन डेढ़ रुपये से बढ़ाकर दो रुपये किया है, जो सराहनीय है। लेकिन पीडीएस कंट्रोल एक्ट-2022 में 300 राशन कार्डों पर नया डिपो बनाने का प्रावधान किया गया है। इससे डिपो धारकों की आय कम होंगी, इसलिए प्रत्येक डिपो पर 600 राशन कार्ड दिए जाए। इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि जो भी नए राशन कार्ड बीपीएल बन रहे है उनकी जांच होनी चाहिए। इसके अलावा गांव में दिखाए गए राशन कार्ड की संख्या में गांव की पीओएस मशीन पर दर्ज राशन कार्ड की संख्या में राशन लेने वाले लाभार्थियों में काफी अंतर है। लगभग प्रत्येक गांव में 15 से 20 प्रतिशत राशन कार्ड जब से बने हैं, परंतु आज तक ये राशन कार्ड लाभार्थी राशन लेने नहीं आए हैं। इस प्रकार डिपो धारकों की आय कम हो रही है। इसलिए इस प्रावधान को खत्म करके 600 कार्ड किया जाए। पीओएस मशीन के सॉफ्टवेयर में कमी के चलते राशन वितरण में बहुत परेशानी होती है। मशीन में राशन कार्ड नंबर दर्ज करने के बाद में अंगूठा लगाने के पश्चात राशन दिखाया जाता है, जिससे लाभार्थी व डिपो धारक में झगड़े होते हैं। इसलिए पीओएस मशीन के सॉफ्टवेयर दुरुस्त किया जाए। इसके अलावा सरसों के तेल व चीनी ना के बराबर है। वर्तमान में सरसों तेल का कमीशन एक रुपये प्रतिलीटर व चीनी का आठ पैसा प्रतिकिलो सरकार दे रहीं है। हमारी मांग है कि तेल पर पांच रुपये प्रतिलीटर व चीनी पर दो रुपये किया जाए। इसके अलावा डिपो धारक का आयुष्मान कार्ड व कैशलेस स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान की। इसके अतिरिक्त हरियाणा में डिपो धारकों को फरवरी से जून माह का पांच महीने का कमीशन बकाया चल रहा हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने डिपो धारकों के साथ जन संवाद कार्यक्रम में हर महीना कमीशन देने का विश्वास दिलाया था, लेकिन सरकार ने अभी तक अपना वादा पूरा नहीं किया हैं। सरकार की इस वादाखिलाफी के कारण डिपो धारकों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके अलावा परिवार का पोलन पोषण भी नहीं हो पा रहा हैं। इसलिए सरकार जल्द पांच महीने का कमीशन जारी करे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान महावीर प्रसाद, दलीप सिंह, अनुप कुमार, नरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार, भवानी दत्त, सहित अनेक डिपो होल्डर मौजूद रहे।



### एक दिन में 62 गांवों में संपर्क अभियान शुरू : शास्त्री

**नारनौल।** भारतीय जनता पार्टी के नेता सत्यव्रत शास्त्री ने आगामी विधानसभा चुनाव के नाते एक ही दिन में नारनौल विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के 62 गांवों का संपर्क अभियान शुरू किया। सत्यव्रत शास्त्री ने बताया कि 29 जून को माननीय अमित शाह गृहमंत्री भारत सरकार ने हरियाणा विधानसभा के चुनाव के नाते पंचकूला में इस अभियान की शुरुआत की थी। उसके दूसरे ही दिन भारतीय जनता पार्टी के लिए आगामी विधानसभा चुनाव के ध्यान में रखते हुए 62 गांवों में 62 लोगों के द्वारा एक ही दिन संपर्क अभियान शुरू किया। संपर्क अभियान के प्रथम चरण में गांव के 50 लोगों से संपर्क का लक्ष्य रखा गया है। इस संपर्क अभियान को आगामी चुनाव तक जारी रखा जाएगा और ये सभी लोग सप्ताह में दो दिन अपने अपने गांव के लोगों से संपर्क कर भारत सरकार और हरियाणा सरकार के द्वारा किए गए 10 वषोर् के कायोर् की चर्चा करेंगे।



### किशनलाल की पुण्य स्मृति पर 46 ने किया रक्तदान

**नारनौल।** अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप एवं किशनलाल शिक्षा एवं जनकल्याण समिति की ओर से सोमवार को स्व. किशनलाल यादव की 35वीं पुण्य स्मृति पर रेडक्रॉस सोसायटी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि रहे। नगराधीश मनजीत कुमार ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। इस रक्तदान शिविर में 46 रक्तदाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि हर युवा को साल में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं होती है, बल्कि हार्ट अटैक आने का खतरा भी कम होता है। नगराधीश मंजीत कुमार ने कहा कि युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने रक्तदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बारिश के होते हुए भी रक्तदाता रक्तदान करने पहुंचे। संस्था की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न, पौधा एवं कप देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम संयोजक पवन यादव ने आए हुए सभी साथियों का आभार प्रकट किया। स्लम एरिया टैलेंट की टीम का भी आभार प्रकट किया, जिन्होंने आज अपनी सेवाए प्रदान की।



### भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस बनाएगी सरकार : दहिया

**नांगल चौधरी।** कांग्रेस के सीनियर नेता एवं हरियाणा खनिज निगम के पूर्व चेयरमैन सत्यपाल दहिया ने नांगल नूनिया, अमरपुरा, बुढ़वाल में जनसंपर्क करके ग्रामीणों को कांग्रेस सरकार की नीतियों से अवगत करवाया। कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से परेशान जनता ने चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं को रोजगार तथा किसानों को फसल का दोगुणा भाव देने का वादा करके वोट हासिल किए थे, लेकिन सत्ता मिलते ही सबसे पहले किसानों के शोषण की योजना बनाई थी। तीन काले कानून बनाकर अडानी व अंबानी को फायदा पहुंचाने की साजिश रची थी। जागरूक किसानों की ओर से काले कानूनों का विरोध करने पर उन्हें आंतकवादी, मक्कार, भाड़े के टू जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। कड़कती सर्दी में किसानों पर पानी की बौछारें, लाठियां तथा गोलियां बरसाई गई, लेकिन नीडर धरती पुत्रों ने हार नहीं मानी। तीनों काले कानूनों को वापस करवाया तथा लोकसभा चुनावों में जनविरोधी सरकार को पटखनी देने का काम किया है। विधानसभा चुनावों में भाजपा को पराजय दिखाई देने लगी है, इसलिए जनता को दोबारा रेवड़ी बांटने की योजना बनाई है, लेकिन प्रदेश के युवा, किसान, व्यापारी व मजदूर वर्ग ने भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना लिया है। अक्टूबर महीने में चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता संभालेगी। इसके बाद नांगल चौधरी हलके को भय, भ्रष्टाचार व बदले की राजनीति से मुक्त करवाया जाएगा।

### पर्यावरण को आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाएं

**नारनौल।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को पौधारोपण कर वन महोत्सव की शुरूआत की गई। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन सदस्यों ने स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर शिक्षकों व विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प भी लिया। प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि हर वर्ष जुलाई माह के प्रथम सप्ताह को वन महोत्सव के रूप में मनाया जाता है, ताकि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वनों और पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सकें। इसी कड़ी में सोमवार को स्कूल प्रांगण में पौधे लगाकर इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। हस्ती देवी जन कल्याणार्थ समिति महेंद्रगढ़ चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव की तरफ से सभी शिक्षकों को एक-एक पौधा वितरित किया गया तथा समाज व आने वाली पीढ़ियों के बीच पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई गई। स्कूल प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान में पेड़-पौधों की अंधाधुंध कटाई के चलते पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है।

## यदुवंशी में सुपरब-100 योजना शुरू

- कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी पढ़ सकेंगे नि:शुल्क, छात्रावास सुविधा भी मिलेगी मुफ्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। योजना का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संस्था चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सुपरब-100 योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी या जो 12वीं पास कर चुके हैं, वे आई केन डू टेस्ट में सात जुलाई को शामिल होकर इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं। चयनित सुपरब-100 के विद्यार्थी हॉस्टल में रहकर तैयारी करेंगे, जिनकी स्कूली फीस व छात्रावास शुल्क शत प्रतिशत निःशुल्क रहेगा। आई केन डू टेस्ट यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नारनौल, हांसी तथा गुरूग्राम सेक्टर-92 में आयोजित किया जाएगा। इस सुपरब-100 टेस्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थी किसी भी स्कूल से हो सकते हैं। यह परीक्षा सात जुलाई रविवार को प्रातः 10 से 11:30 बजे तक सभी स्कूलों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 90 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। इस आई केन डू परीक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने अनिवार्य हैं। इस योजना के तहत कक्षा नौवीं, 10वीं, 11वीं मेडिकल व नॉन-मेडिकल, 12वीं मेडिकल व नॉन-मेडिकल, 11वीं तथा 12वीं सीए फाउंडेशन, 11वीं तथा 12वीं क्लेट सभी कक्षाओं से दस-दस विद्यार्थी लिए जाएंगे, वहीं 12वीं पास विद्यार्थी जिसने बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे सीधे ज्वाइन कर सकते हैं। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि बच्चे साधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस समस्या को मद्देनजर रखकर यदुवंशी शिक्षा निकेतन में सुपरब-100 योजना का शुभारंभ किया गया है। यह योजना आवश्यकतामंद मेधावी विद्यार्थियों के लिए न केवल लाभकारी सिद्ध होगी, वहीं विद्यार्थी व अभिभावकों के सभी सपने पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगी। निदेशक विजय सिंह यादव ने कहा कि यह योजना आने वाले समय में जरूरतमंद अभिभावकों की महत्वाकांक्षा पूरी करेगी तथा उनके विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सफलता प्रदान करवाएगी।

### अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति का धरना जारी

- धरनास्थल पर ग्रामीणों व संघर्ष समिति की विस्तृत बैठक आज

**मंडी अटेली।** अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग को लेकर धरना 207वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को धरने की अध्यक्षता संघर्ष समिति संचालक डॉ. राजेंद्र प्रसाद खरब ने की। संचालन मास्टर सुबेसिंह ने किया।

संघर्ष समिति संचालक डॉ. खरब ने कहा कि अटेली मण्डी अंडरपास के बंद पड़े कार्य को शीघ्र कर पूरा करवाने की मांग को लेकर आगामी दो जुलाई को धरना स्थल पर ग्रामीणों व संघर्ष समिति की विस्तृत बैठक होगी, जिसमें अधूरे पड़े काम को पूरा करवाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

संघर्ष समिति संचालक खरब ने कहा कि संघर्ष समिति दृढ़ संकल्पित है कि जब तक अटेली मण्डी अंडरपास का शेष निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता, धरना जारी रहेगा।

### सुरेश ने शिक्षा के प्रति दायित्व को भी ईमानदारी से निभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय माध्यमिक विद्यालय महरमपुर की मुख्याध्यापिका सुरेश कुमारी 29 वषार्ं की उत्कृष्ट सेवाओं के उपरांत सेवानिवृत्त हो गई।



इस उपलक्ष्य में बीती देर शाम को रेवाड़ी रोड स्थित सीएल फार्म में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव एवं डीईओ सुभाष सामरिया विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आगाज़ करते हुए पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी एवं श्रीमती सुरेश कुमारी के पति डा. मक्खन लाल तंवर ने कहा कि इनकी प्रथम नियुक्ति 25 नवंबर 1995 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहमा में हुई थी। इन्होंने परिवार के साथ-साथ शिक्षा के प्रति दायित्वों का भी इन्होंने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वाहन किया। वक्ताओं ने कहा कि सुरेश कुमारी अपने जीवन में अनुशासनप्रिय, बेहद ईमानदार निष्ठावान एवं कर्तव्यपरायण रही हैं। समय पर स्कूल पहुंचना और पूरी तनम्यता के साथ बच्चों को पढ़ाने में प्रतिबद्ध रही है। एक श्रेष्ठ मुख्याध्यापक के रूप में भी शिक्षा जगत में इनकी विशेष पहचान मानी जाती है।

#### सूचना

मैं सतीश कुमार पुत्र धर्मपाल वासी गांव कुलताजपुर तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रियांशु मेरा कोई कहना नहीं मानता है और घर में हर दिन लड़ाई–झगड़ा करता रहता है। इसलिए मैं उसे अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी और मेरे बाकी परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को अमर सिंह स्वामी व कमल स्वामी के निवास स्थान मोहल्ला नई सराय सेन चौक के पास सुंदरकांड किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### जिले में समाधान शिविरों में आई 89 शिकायतें

**नारनौल।** राज्य सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों में सोमवार को जिले में कुल 89 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित मामलों को निपटाया व एसडीएम ने सामान्य मामले सुनें। वहीं सभी उपमंडलों में भी इसी तरह जनसुनवाई की गई। जिला व खंड स्तर पर लगे इन शिविरों में अधिकतर की शिकायतों का मौके पर समाधान भी किया। इस मौके पर नगराधीश मंजीत सिंह व डीएसपी हरदीप के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

पार्षदों की बैठक, शहर में जनहित कार्यों के लिए प्रधान को लिखा पत्र और सफाई व्यवस्था बहाल नहीं होने पर धरने की चेतावनी

# टैम्पो रिपेयरिंग का ही नहीं पैसा, 3 बड़ी कुर्सी के टकराव में फंसे पार्षद, तीन दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर परिषद की कार्यप्रणाली से आमजन के साथ-साथ अब पार्षद भी हताश होने लगे है। शहर की इस दयनीय हालत के प्रति चिंता रखते हुए रविवार शाम पार्षदों ने बैठक की। इसमें एक निजी जगह पर 22 पार्षद एकत्रित हुए। आठ पार्षद बाहर या निजी कार्य के कारण नहीं आ सके। पार्षद नितिन चौधरी ने दावा किया कि बैठक में नहीं आने पर भी उन पार्षदों का पूर्ण रूप से साथ है कि अब शहर के विकास को लेकर पार्षदों को ही आगे आना होगा। तीन बड़ी कुर्सियों के टकराव में शहर की हालत खराब नहीं होने देंगे। जल्द ही अगली बैठक पार्षदों के साथ होगी और एक संगठन बनाकर अपना एक नुमाइंदा बनाएंगे और बेहद आक्रमक तरीके से सभी पार्षद धरातल में आ रही इस गंदी राजनीति से नगर परिषद का चेहरा गंगाजल से धोएंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि तीन दिन में सफाई टैम्पो ठीक होकर वार्ड को नहीं मिला तो वीरवार से वह नगर परिषद के मुख्य द्वार के बीचों-बीच दरी बिछाकर बैठ जाएंगे। अन्य पार्षदों को भी इसमें आमंत्रित किया जाएगा।

### पार्षद ने प्रधान को यह लिखा पत्र, पीड़ा लिख दिया अल्टीमेटम

वार्ड नंबर 20 के युवा पार्षद नितिन चौधरी ने बताया कि वार्ड के सफाई टैम्पो को ठीक करवाने के लिए बार-बार बोलने पर भी कार्यवाही ना होने पर प्रधान कमलेश सैनी को पत्र लिख तीन दिन का समय मांगा है, इसके बाद वह जनहित के कार्य के लिए अनशन पर बैठ जाएंगे। पार्षद ने प्रधान को लिखे पत्र के साथ शहर व वार्ड से जुड़ी बदहाली की 50 फोटो भेजते हुए कहा कि वार्ड नंबर 20 सहित शहर के अधिकतर वार्ड के बड़े शर्म की बात हैं। उसके वार्ड का टैम्पो खराब हुए 58 दिन से ऊपर का समय हो चुका है। प्रधान सहित संबंधित अधिकारियों को भी पता हैं कि कितने दिन हो चुके यूँ अपनी निष्क्रियता पर लीपापोती करते हुए। उन्होंने लिखा कि क्या आप लोगों को नहीं लगता की आपका कार्यकाल अभी तक बहुत बड़ा जीरो साबित हुआ हैं। सत्ता में भागीदारी पहले भी थी और आज भी है। जब अधिकारी आपकी मानते ही नहीं तो उनका तबादला करवा कर दूसरा अधिकारी लाओ। नगर परिषद इतनी कंगाल हो गई हैं या डिफाल्टर, कूड़े उठाने वाले टैम्पो कोई मिस्त्री इसलिए ठीक नहीं करता, उसकी मजबूरी का बिल ही पास नहीं हो रहा। सुना हैं नगर परिषद की एक जेसीबी मशीन किसी स्पेयर पार्ट वाले के पास कई माह से इसलिए खड़ी है, उसके बिल का भुगतान नहीं हो रहा। प्रधान, उपप्रधान व नगर आयुक्त की आपस की खींचतान में शहर के अधिकांश पार्षद विकास ना होने के कारण गली गली में गालियां सुन रहे है।



नारनौल। नप कार्यालय में खड़े टैम्पो, इनमें अधिकांश खराब स्थिति में है।

### मिस्त्री की नहीं दी पेंमेंट, एक साल बीता

मिस्त्री बलवंत सिंह ने बताया कि नगर परिषद के टैम्पो, ट्राली, जेसीबी मशीन सहित अन्य उपकरण की रिपेयरिंग वह कर रहे है। बीते साल जुलाई-2023 से अब तक करीब तीन लाख की मजबूरी मांगने के लिए वह एक साल से नगर परिषद कार्यालय के चक्कर काट रहे है। आज वह भी ईओ से मिले। उन्होंने 10-15 दिन का समय मांगा है।

## रोटरी क्लब यूनिटी के प्रधान बने पारस चौधरी और उपप्रधान पंकज गर्ग

- आदेश अग्रवाल सचिव, यश गोयल बने कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हर वर्ष की भांति एक जुलाई से रोटरी क्लब यूनिटी के नए कार्यकाल का शुभारंभ किया गया। रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन महेश तिरखा ने पुराने कार्यकाल व रोटरी अवार्ड को देखते हुए रोटेरियन पारस चौधरी को रोटरी क्लब यूनिटी की एक बार फिर से प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी। इसके अलावा उनके कार्यकाल में उनका साथ निभाने के लिए टीम में रोटेरियन पंकज गर्ग को उपप्रधान, आदेश अग्रवाल को सचिव व यश गोयल को कोषाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। अपने नए कार्यकाल के अवसर पर रोटरी क्लब की संपूर्ण टीम ने नववर्ष का आगाज अग्रवाल सभा की ओर से संचालित महाराजा अग्रसेन रसोई पर 300 से अधिक लोगों को खाना खिलाकर की। इस अवसर पर प्रधान पारस चौधरी ने कहा कि अग्रवाल सभा की ओर से संचालित महाराजा अग्रसेन रसोई शहर में बहुत अच्छा काम कर रही है। महाराजा अग्रसेन रसोई से रोजाना कम से कम 300 लोगों को भरपेट खाना मिल जाता है। इससे अच्छा समाज के हित में कोई काम नहीं हो सकता है। क्लब सचिव आदेश अग्रवाल व यश गोयल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए क्लब की ओर से किए जाने वाले जनहित कायार्ें में अपना और अधिक योगदान देकर क्लब को ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।



नारनौल। नवनियुक्त प्रधान को बधाई देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## 3 से 11 जुलाई तक परीक्षा केंद्र के आसपास धारा 144 लागू

**नारनौल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से तीन से 11 जुलाई तक दोपहर दो से पांच बजे तक आयोजित होने वाली सीनियर सेकेंडरी (रि-अपीयर व सेकेंडरी शैक्षणिक) पूर्ण विषय, अंक सुधार व रि-अपीयर की परीक्षाओं के मद्देनजर जिलाधीश ने राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल में बनाए गए परीक्षा केंद्र के आसपास धारा 144 लागू की है। जिलाधीश की ओर से जारी आदेशों के अनुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से बनाए गए सभी परीक्षा केंद्र के आसपास 500 मीटर की परिधि में पांच व्यक्तियों के एकत्रित होने, घातक हथियार शस्त्र तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू, साइकिल चेन व अन्य वस्तुएं जिन्हें घातक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकने वाला हो को लेकर चलने पर पूर्णतया पाबंदी लगाई गई है। वहीं परीक्षा तिथि वाले दिन परीक्षा केंद्र के आसपास परीक्षा अवधि के दौरान 500 मीटर की परिधि में फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस विभाग व अन्य सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने की बैठक

- सिंघाणा रोड स्थित नहर विभाग कार्यालय में ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक सिंघाणा रोड स्थित नहर विभाग कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता पीएच राज्य उपप्रधान सुभाष यादव व जिला प्रधान पीएच श्रीकिशन शर्मा ने की। इसके बाद कर्मचारियों की काफी समय से लंबित चली आ रही मांगों के समाधान के लिए यूनियन के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता जेएलएन डब्ल्यूएस सर्कल राजेश कुमार खत्री के साथ बैठक की। बैठक में अधीक्षण अभियंता ने कर्मचारियों की सभी मांगों पर सहमति दी। जिसमें हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर लगे कर्मचारियों का बकाया वेतन सात दिन में भुगतान करने व सभी का वेतन हर माह की सात तारीख तक देने का आश्वासन दिया। इसके अलावा सभी कर्मचारियों का मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द से जल्द करने, खाली पडे.पदों.पर पदोन्नति जल्द ही करवाने, फिल्ड कर्मचारियों के कैशलेस मेडिकल का कार्ड बनवाने, सभी पम्प हाउस पर पीने के पानी की व्यवस्था व पम्प हाउस पर स्टाफक्वॉटर बनाने, बने हुए है उनकी मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पीएच चेयरमैन राजेंद्र कामरेड, पीएच प्रधान दीपक शाण्डिलय, महेंद्रगढ़ प्रधान सुरेंद्र यादव, आईबी प्रधान भवानी शंकर, आईबी प्रधान सुभाष यादव महेंद्रगढ़, आईबी प्रधान विजयपाल दादरी, भूपसिंह, रमेश कुमार, सुरेश कुमार, अनिल कुमार, एसबीडी, सतेंद्र दहिया, अनिल सोनी, मनोज शर्मा, राजेश कुमार, नरेश कुमार, भूपसिंह, प्रेम कुमार, दलीप, सलेंद्र, विक्रम सिंह, कुलदीप, कपिल आदि मौजूद थे।



नारनौल। बैठक करते यूनियन के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### नंबरदारों को 10 हजार रुपये प्रतिमाह भत्ता दे सरकार

**कनीना।** प्रदेश सरकार नंबरदारों के हितों की अनदेखी कर रही है। जिससे उनमें रोष पनप रहा है। कनीना नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान ने जगदेव सिंह कहा कि नंबरदार सरकार की तीसरी आंख होती है। गांवों में होने वाले रेवेन्यू एवं अन्य घटनाक्रम की जानकारी सरकार तक पहुंचाते हैं। सरकार की ओर से जो सुविधाएं नंबरदारों को दी जानी चाहिए थी व उन्हें आज तक उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 23375 नंबरदारों को सरकार की ओर से 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाए। डिजीटल हरियाणा योजना के तहत लैपटॉप, प्रदेश मुख्यालय तक फ्री बस सुविधा, आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए।

## नावां में नहर टूटने से सड़क व आसपास के क्षेत्रों में जमा हुआ पानी



**सतनाली मंडी।** खंड के गांव नावां में सोमवार सुबह माधोगढ़ ब्रांच नहर का किनारा टूटने से सड़क एवं इसके आसपास के क्षेत्र में पानी जमा हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में गोपालवास रोड पर शिक्षा भारती स्कूल के पास नहर पर कुछ माह पहले पुलिया बनाया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिया के पास नहर टूट गई, जिससे नहर का पानी सड़क व आसपास के क्षेत्र में फैल गया। इस बारे में समाजसेवी योगेश शास्त्री, बाली शर्मा, पवन, राकेश, गोविंद आदि अनेक ग्रामीणों ने बताया कि गांव में गोपालवास जाने वाले सड़क मार्ग पर शिक्षा भारती स्कूल के पास पुलिया के पास नहर अचानक टूट गई। जिससे सड़क व आसपास के क्षेत्र में जमा हो गया। उन्होंने बताया कि नहर टूटने की सूचना नहरी विभाग के अधिकारियों को दी गई और पानी को बंद करवाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर वाहनों का लगातार आवागमन रहता है, लेकिन सड़क पर पानी जमा होने से आवागमन में परेशानी उत्पन्न हो गई। दूसरी ओर नहर टूटने की सूचना पाकर विभाग के अधिकारियों ने पानी की सप्लाई बंद करवाया और मौके पर पहुंचकर नहर को दुरूस्त करने का काम शुरू करवाया। नहर विभाग के एसडीओ संजय कुमार ने बताया कि नावां नहर में तीन दिन से पानी चल रहा है। उन्होंने बताया कि नहर टूटने की सूचना मिलते ही पानी बंद करवाया गया और कर्मचारियों के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर नहर के दुरूस्तीकरण का कार्य शुरू करवाया गया है।

## तहसीलदार ने समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**महेंद्रगढ़।** तहसीलदार मदनलाल शर्मा ने सोमवार को समाधान शिविर में 10 लोगों की शिकायतें सुनी। इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया व बाकि शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। सरकार के निर्देशानुसार चल रहे समाधान शिविर में हर रोज सुबह नौ से 11 बजे तक उपमंडल स्तर पर इसी जगह समाधान शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पुलिस, राजस्व, नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अब प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर हो सकेगी। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र व बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांग व विधवा पेंशन से संबंधित मामले की शिकायत सुनी। इस दौरान जोनल मैनेजर अनिता भालोठिया ने बताया कि फैमिली आईडी से संबंधित लगभग 30 शिकायत आई जिनमे से 25 का मौके पर ही निपटारा किया। इस मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, बिजली विभाग से एसडीओ हनुमान सिंह, नगरपालिका से सोनू, आंगनबाडी विभाग से संदीप, जिला कल्याण विभाग से ममता, क्रीड विभाग से रवि तंवर के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां ठीक करवाते नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

### महीनेभर के अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

**कनीना।** जून माह में हुई गर्मी की एक माह की छुट्टियों के बाद सोमवार से शिक्षण संस्थानों में रौनक लौट आई। अवकाश के बाद विद्यार्थी मानसून की झमाझम बारिश के मौसम में पूरे उत्साह के साथ स्कूल के लिए रवाना हुए। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों की ओर से 30 जून तक ग्रीष्म अवकाश घोषित किए गए थे। इस वर्ष रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ने तथा हीटवेव चलने के चलते अधिकांश विद्यार्थी भ्रमण पर भी नहीं जा सकें। उन्होंने परिजनों के साथ घर पर रहना ही उचित समझा। प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं एसडी ग्रुप फॉर स्कूल के चेयरमैन जगदेव यादव ने कहा कि एक माह बाद सोमवार से स्कूलों में चहल-पहल शुरू हो गई है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को मिलेगा स्ट्रीम चयन का अवसर

## दाखिले के लिए पात्रता नियमों में किया संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन की दिशा में एक कदम ओर आगे बढ़ते हुए, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र में उपलब्ध विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता नियमों में संशोधन किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस बदलाव को बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि बताया। विश्वविद्यालय की यह पहल एनईपी-2020 के अंतर्गत स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रम में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थियों को स्ट्रीम चयन के स्तर पर अधिक स्वतंत्रता प्रदान करेगी। हकेवि में एनईपी-2020 के कार्यान्वयन के समन्वयक व शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि संशोधित पात्रता नियम ऐसे विद्यार्थियो के लिए बड़ी राहत का मार्ग प्रशस्त करेंगे जो कि सीनियर सेकेंडरी व स्नातक कार्यक्रम के बाद स्ट्रीम में बदलाव की इच्छा रखते हैं। प्रो. संजीव कुमार ने उदाहरण देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान, भाषा, प्रबंधन, भूगोल, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, पर्यटन और होटल प्रबंधन, योग, सांख्यिकी और गणित आदि के विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम उपलब्ध हैं। इन कार्यक्रमों में संशोधित नियमों के बाद अब किसी भी विषय में किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों या समकक्ष ग्रेड (एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी, ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) को पांच प्रतिशत की छूट) के साथ स्नातक की डिग्री रखने वाला उम्मीदवार इनमें से किसी भी कार्यक्रम (सीयूईटी के माध्यम से) में प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

### बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। *फोटो : हरिभूमि*

